यूटीयू कैंपस में महिला दिवस पर छात्राओं के लिए कार्यशाला आयोजित

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इलैक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग और आईईईई डब्ल्यूआईटी चेप्टर द्वारा गुरुवार को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के परिसर संस्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में 'सिग्नल प्रसंस्करण और मेटलैब के उपयोग' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

विशेषज्ञ आईआईआईटी सोनीपत के डा.राजीव वर्मा, तथा डा.मोहन बंसल द्वारा व्याख्यान दिया गया। डा.राजीव वर्मा ने वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों जैसे एन्हांसमेंट, डीनोइजिंग, सेगमेंटेशन और ऑब्जेक्ट डिटेक्शन में उपयोग की जाने वाली इमेज प्रोसेसिंग तकनीकी के बारे में चर्चा की। डा.मोहन बंसल ने सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकी जैसे शॉर्ट-टर्म फूरियर ट्रांसफॉर्म और मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों के बारे में चर्चा की। इलैक्ट्रॉनिक्स और संचार तथा इलैक्ट्रिकल विभाग की छात्राओं द्वारा कार्यशाला में मेटलैब साफटवेयर का उपयोग करके सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग तकनीकी के कार्यान्वयन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। कार्यशाला में डा.आशीष बगवाड़ी, विभागाध्यक्ष ईसीई, केसी मिश्रा विभागाध्यक्ष विद्युत विभाग तथा हितांशू कटियार, संजीव बिष्ट, आकांक्षा, मंजू देवरारी, लोचन भट्ट, हिमानी पंत और हिमानी नेगी आदि उपस्थित थे। संस्थान के निदेशक प्रो.मनोज कुमार पाण्डा ने इस कार्यशाला के संचालन के लिए आयोजक टीम की सराहना की और बधाई दी।

इंजीनियरिंग की 15 छात्राओं का जापानी कंपनी में प्लेसमेंट

देहरादून। महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून तथा टीएचडीसी-आईएचईटी, टिहरी की होनहार छात्राओं का बहुराष्ट्रीय कंपनी में हुआ चयन वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून के परिसर संस्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून में जापानी अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी लिक्षिल, टोस्टेम द्वारा सिविल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय सेंट्रल प्लेसमेण्ट सेल के माध्यम से पूल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया था, इसमें विश्वविद्यालय के समस्त परिसर संस्थानों की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कम्पनी द्वारा महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की 11 तथा टीएचडीसी आईएचईटी, टिहरी की 4 होनहार छात्राओं का चयन किया। सभी चयनित प्रति छात्रा को पांच लाख का वार्षिक पैकेज मिला है। महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून के निदेशक प्रो. मनोज कुमार पाण्डा ने आयोजन के सफल संचालन के लिए सेंट्रल प्लेसमेण्ट समिति संयोजक डा. शिल्पी मित्तल पंवार तथा समिति सदस्य सहायक प्राध्यापक लोचन भट्ट व जिज्ञासा अरोड़ा को धन्यवाद दिया। प्रो.पाण्डा द्वारा सभी चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवलमय भविष्य की कामना की।